प्रादेशिक समाचार
दिनांक–13.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में घरेलू दौरों के लिए अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है। विशेष सुरक्षा समूह– एसपीजी प्रोटोकॉल के अन्तर्गत अनिवार्य सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं बरकरार रखी हैं।
इधर गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने काफिले का आकार घटाकर आधे से भी कम कर दिया है। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करके और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को अपनाकर आर्थिक स्थिरता में योगदान देने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा नागरिकों से की गई सात अपीलों के अनुरूप है।

****

इस वर्ष सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 अप्रैल 2026 तक विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय के लिए आयोजित की गई थीं। बोर्ड के अनुसार, परीक्षा में 17 लाख 68 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 15 लाख 7 हजार से अधिक छात्र–छात्राएं सफल हुए हैं। इस वर्ष कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 85 दशमलव 20 प्रतिशत रहा। छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88 दशमलव 86 प्रतिशत, जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82 दशमलव 13 प्रतिशत दर्ज किया गया।

****

गोमिया के पूर्व विधायक तथा झारखंड बिहार में मंत्री रह चुके माधव लाल सिंह का आज रांची के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। माधव लाल सिंह गोमिया विधान सभा से वर्ष 1985, 1990, 2000 और 2009 में विधायक चुने गए।
इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री माधव लाल सिंह के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक जनसेवा और सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

****

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने टेंडर घोटाला मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर कांग्रेस पर निशाना साधा है। रांची में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि आलमगीर आलम को केवल जमानत मिली है, उन्हें आरोपमुक्त नहीं किया गया है।

****

दुमका में दवा व्यवसायियों की विभिन्न मांगों को लेकर 20 मई को मेडिकल दुकानें बंद रहेंगी। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर यह बंद आयोजित किया जाएगा। दुमका केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश प्रसाद साह ने बताया कि 15 मई से जिले के दवा व्यवसायी काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज कराएंगे।

****

जामताड़ा जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव से पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संजय कुमार सिंह ने बताया कि उनके पास से सात मोबाइल फोन और नौ सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

****

इधर गिरिडीह में साइबर पुलिस ने 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरिडीह एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी बेंगाबाद थाना क्षेत्र से हुई है। इनके पास से करीब एक दर्जन मोबाइल और सिम बरामद किया गया है। ये अपराधी फर्जी लिंक भेजकर लोगों को ठगते थे।

****

राजधानी रांची के कई इलाकों में आज दोपहर बाद हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। मौसम विभाग ने रांची सहित कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 15 मई को रांची, धनबाद और संथाल परगना के क्षेत्रों में 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

****

छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित होने वाली अंडर–17 राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता के लिए कलकत्ता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी के नौ खिलाड़ियों का चयन झारखंड टीम में हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले इन खिलाड़ियों में अनुष्का, शिवानी, सृजल, आकांक्षा और रिया सहित कुल नौ छात्र–छात्राएं शामिल हैं।

*********समाप्त**********